रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्ष:01 | अंक:29 | सोमवार,29 सितम्बर



## ब्रीफ न्यूज

### नवरात्रि पर दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात, विभाग ने जारी किये 16 करोड़ रुपए

संवाददाता

रांची। झारखंड के दुग्ध उत्पादकों के लिए नवरात्रि के पावन मौके पर अच्छी खुशखबरी आई है। राज्य सरकार झारखंड मिल्क फेडरेशन से जुड़े लगभग 60 हजार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात देने जा रही है। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया है कि अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक के बकाया प्रोत्साहन राशि को विभाग की ओर से निर्गत कर दिया गया है। विभाग ने दुग्ध उत्पादकों को दिये जाने वाले पांच रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के मद में 16 करोड़ रुपये जारी किये हैं। अब इस राशि को दुग्ध उत्पादकों के बैंक खातों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड मिल्क फेडरेशन के द्वारा वर्तमान में प्रतिदिन 2 .53 लाख लीटर दुग्ध संग्रहित किया जा रहा है। दुग्ध संग्रहण की बढ़ती क्षमता से झारखंड श्वेत क्रांति की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार की योजनाएं दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने में भी मददगार साबित हो।

### मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के अध्यक्ष



संवाददाता

**मुंबई:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे। मन्हास के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है।

# मुख्यमंत्री ने बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति और हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का किया उद्घाटन

संवाददाता। रांची

रांचीः। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रविवार को दीपाटोली स्थित श्री श्री बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति और लालपुर के हरिमती मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। पट खुलने के बाद उन्होंने मां दुर्गा के दर्शन किए और शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा से राज्य की उन्नति एवं राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई और शुभकामनाएं दी। दोनों ही पूजा





पंडालों में भक्तिमय वातावरण में माता रानी के जयकारे के बीच उन्होंने मां दुर्गा से समस्त राज्यवासियों के मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा के दौरान हो रही लगातार बारिश के बाद भी श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। हर वर्ष की भांति इस बार भी यहां के भव्य और आकर्षक पंडाल दुर्गोत्सव की शोभा बढ़ा रहे हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा हर
साल और आगे बढ़े, माता रानी से यही कामना करते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री का पूजा पंडाल में आगमन पर पूजा समिति की ओर से स्वागत और अभिनन्दन किया गया।

## एशिया कप में तिलक ने किया भारत का राजतिलक

# भारत ने 9वीं बार जीता एशिया कप, फाइनल में पाक को 5 विकेट से रौंदा

एजेंसी

दुबईः दुबई में खेले गए एशिया कप 2025 के हाई-वोल्टेज फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को हराकर इतिहास रच दिया। इस खिताबी जंग में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 147 रनों का लक्ष्य हासिल किया और नौवीं बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम की।

पाकिस्तान की पारी में कुलदीप का कहर

टॉस जीतकर भारत ने पहले गेंदबाजी चुनी और पाकिस्तानी टीम को 19.1 ओवर में 146 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान (38 गेंदों में 57) और फखर जमां (35 गेंदों में 46) ने 84 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत दिलाई, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने बाकी बल्लेबाज टिक नहीं पाए।

कुलदीप यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने एक ही ओवर में तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर पाकिस्तान की रीढ़ तोड़ दी। वहीं अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और




जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाजी में दिखा उतार-चढ़ाव लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने 20 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए। शुभमन गिल (12), अभिषेक शर्मा (5) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (1) जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद संजू सैमसन (24 रन) ने तिलक वर्मा का साथ निभाया। तिलक वर्मा ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए पाकिस्तानी गेंदबाजों को ध्वस्त कर दिया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से पाकिस्तान पूरी तरह बैकफुट पर चला गया और भारत ने जीत दर्ज कर ली।

भारत ने किए थे तीन बदलाव

भारत ने इस मुकाबले में तीन बदलाव किए। हार्दिक पांड्या चोटिल होने के कारण बाहर रहे। उनकी जगह शिवम दुबे को मौका मिला। जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई, जबकि रिंकू सिंह पहली बार टूनार्मेंट में शामिल हुए। पाकिस्तान ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया।

भारत का खिताबी सफर

17वें संस्करण में भारत और पाकिस्तान की यह तीसरी भिड़ंत थी। भारतीय टीम ने पहले दोनों मुकाबलों में भी पाकिस्तान को हराया था। इस जीत के साथ ही भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त देकर नौवीं बार एशिया कप खिताब जीतकर एशियाई क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम रखा।

### पाकिस्तान की पारी में कुलदीप का कहर

टॉस जीतकर भारत ने पहले गेंदबाजी चुनी और पाकिस्तानी टीम को 19.1 ओवर में 146 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान (38 गेंदों में 57) और फखर जमां (35 गेंदों में 46) ने 84 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत दिलाई, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने बाकी बल्लेबाज टिक नहीं पाए। कुलदीप यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने एक ही ओवर में तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर पाकिस्तान की रीढ़ तोड़ दी। वहीं अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह ने दो-दो विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाजी में दिखा उतार-चढ़ाव

# बेटियां हर जगह लहरा रही हैं परचम

एजेंसी



### मन की बात में पीएम मोदी ने सुनाई बहादुर बेटियों की कहानी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात में कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति की गहरी आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व अब वैश्विक स्तर पर भी पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार इसे यूनेस्को की इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज लिस्ट में शामिल कराने का प्रयास कर रही है, जिससे इसकी गरिमा और बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 126वें एपिसोड में आज शहीद भगत सिंह और लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देश में महिला सशक्तिकरण के उदाहरण दिए, सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों का उल्लेख किया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने देशवासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी और इस बात का विशेष उल्लेख किया कि संग अपने 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने रविवार को आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 125 कड़ियों की यात्रा पार करने का जिक्र किया और कहा कि यह जनता से जुड़ने का प्रेरणादायी माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 सितंबर को दो महान विभूतियों की जयंती है। शहीद भगत सिंह को उन्होंने युवाओं के लिए प्रेरणा बताया और उनके साहसिक पत्र का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने अंग्रेजों से अपने साथ युद्धबंदी जैसा व्यवहार करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की निर्भीकता और सेवा भावना हर भारतीय को मार्गदर्शन देती है। उन्होंने लता मंगेशकर को भारतीय संस्कृति का अमूल्य स्वर बताया। उन्होंने कहा कि उनके गीतों ने देशभक्ति और संवेदनाओं को जीवंत किया। उन्होंने बताया कि लता मंगेशकर से उनका व्यक्तिगत स्नेह रहा और वे हर वर्ष उन्हें राखी भेजती थीं।

## बोकारो स्टील प्लांट में लगी आग तरल लोहा गिरने से तीन झुलसे

# प्लांट मेडिकल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जेनरल अस्पताल में कराया गया भर्ती

संवाददाता

**बोकारो** स्टील प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (एसएमएस) में रविवार को भीषण दुर्घटना हो गई। यहां दोपहर करीब 2 बजे आग लग जाने से चार ठेका मजदूर झुलस गए। घायलों में रंजीत महथा, ब्रजेश महथा, ओमप्रकाश महली और प्रवीण कुमार शामिल हैं। घटना के बाद घायल मजदूरों को तत्काल प्लांट मेडिकल यूनिट में भर्ती कराया गया, जहां



प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बोकारो जनरल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ब्रजेश महथा और ओमप्रकाश महली 60 प्रतिशत और प्रवीण कुमार 45 प्रतिशत तक झुलसा है। बताया जा रहा है कि हॉट मेटल से भरे हुए लैडल को क्रेन से उठाया जा रहा था, इसी दौरान क्रेन का रोप टूट गया। इससे हॉट मेटल छलक
गया, जिससे आग लग गई। आग की लपटों से ऊपर में काम कर रहे चार मजदूर चपेट में आ गए। बोकारो स्टील प्लांट में हुई इस घटना ने एक बार फिर से औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर कईसवाल उठ रहे हैं।

## लद्दाख की संस्कृति भाजपा आरएसएस के निशाने पर

### वहां के लोगों ने आवाज उठाई,भाजपा ने चार की हत्या कराई

एजेंसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को लद्दाख में हुए हिंसक प्रदर्शन को लेकर बीजेपीसरकार पर निशाना साधा। इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने इसके लिएबीजेपी और आरएसएस को जिमेदार ठहराते हुए कहा कि लद्दाख के लोगों ने सिर्फ अपनी आवाज उठाई। जवाब में बीजेपी ने चार युवाओं की हत्या कर दी और सोनम वांगचुक को जेल में डाल दिया। राहुल गांधी ने एस पर लिखा, लद्दाख की अद्भुत जनता, संस्कृति और परंपराएं बीजेपी और आरएसएस केनिशाने पर हैं।



# गिरिडीह के पांच अगवा प्रवासी श्रमिकों का पांच माह बाद भी नहीं मिला सुराग

संवाददाता रांची

पश्चिमी अफ्रीका के देश नाइजर से विगत 25 अप्रैल 2025 को गिरिडीह बगोदर के अपहत श्रमिकों का सुराग पांच माह बाद भी नहीं मिल सका है। श्रमिकों का सुराग नहीं मिलने से दुर्गा पूजा के खुशी के मौके पर भी सभी परिवारों में मायूसी है एवं परिजन काफी परेशान हाल है। परिजनों का कहना है कि वे लोग राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक गुहार लगा चुके हैं।इसके अलावा जिला अधिकारी,विधायक, सांसद,मंत्री और राज्यपाल से मिलकर रिहाई के लिए आग्रह चुके है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस मामले को लेकर विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर से मुलाकात कर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया है। लेकिन अबतक सुराग नही मिलने से सभी काफी चिंतित है। गौरतलब है कि पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में 25 अप्रैल 2025 को कल्पतरु ट्रांसमिशन कंपनी के कैंप पर सशस्त्र अपराधियों ने हमला किया था। हमले में 12 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। इसके



बाद गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के दोंदलो पंचायत के संजय महतो, चंद्रिका महतो, राजू महतो, फलजीत महतो और मुंडरो के उत्तम महतो को अगवा कर लिया गया था। इधर प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाले सिकन्दर अली का कहना है कि पांच माह बीत जाने के बावजूद अगवा हुए मजदूरों का कुछ भी पता नहीं चल सका है। आखिर उनका क्या हुआ यह तो सरकार को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन परिवार को उचित सहयोग भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार से अपील है कि सभी मजदूरों की रिहाई करवाई जाए और परिवार वालों को आर्थिक सहयोग कराई

### पश्चिमी अफ्रीका के नाइजर में 25 अप्रैल से नहीं मिल रहा मजदूरों का पता

## न्यूजस्टडी

### राज्य सरकार ने किया स्पष्ट, रैली में सुरक्षा नियमों का किया गया उल्लंघन

# तमिलनाडु भगदड़ केस : टीवीके के नेताओं पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता

**तमिलनाडु:** तमिलनाडु में एक्टर से लीडर बने विजय की रैली में शनिवार को हुई भगदड़ में मृतकों की तादादरविवार को 40 तक पहुंच गई।इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चेशामिल हैं। 95 लोग घायल हैं। 51लोग विभिन्न अस्पतालों केइंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू)में भर्ती हैं। विजय की पार्टीतमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके)के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर,पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। टीवीके के वकील अरिवझगन ने कहा- हादसा एक आपराधिक साजिश थी। हमें स्थानीय लोगों से पुख्ता जानकारी मिली है। हमारे पास कुछ सीसीटीवी फुटेज भी है। इनमें साफ दिखता है कि करूर में सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके के



कुछ नेताओं की साजिश थी। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। राज्य सरकार ने कहा कि रैली में सुरक्षा नियम तोड़े गए। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकारसे मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है।60 फीट लंबी प्रचार बस को 100 फीट चौड़ी भीड़ भरी सड़क पर ले जाना भगदड़ की वजह थी। आयोजकों ने दूसरे रास्ते के बजाय भीड़ को चीरने की कोशिश की।इससे दबाव बढ़ा, लोग गिरते गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दबाव इतना बढ़ गया कि बच्चों समेत लोग बेहोश होने लगे और भगदड़ मच गई।

### म्तकों के परिजनों को 20 20 लाख देंगे : विजय

एक्टर विजय ने 'एक्स' पर लिखा- कल करूर में जो हुआ, उसके बारे में सोचकर, मेरा दिल और मन भारी है। अपनों को खोने के दुख के बीच, मेरे पास अपने दिल का दर्द बयान करने के लिए शब्द नहीं हैं। मेरी आंखें और मन दुख से घिरे हुए हैं। आप सभी के चेहरे, जिनसे मैं मिला हूं, मेरे मन में बार-बार आते हैं। जितना ज्यादा मैं उनके बारे में सोचता हूं,उतना ही मेरा दिल मुझसे दूर जा रहा है। मेरे प्रियजन...यह वाकई में हमारे लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# रांची में दुर्गा पूजा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का सख्त पहरा ! महिला सुरक्षा के लिए विशेष प्लान

रांची, संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा के लिए पुलिस की ओर से शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. सभी दुर्गा पंडालों और उसके आसपास के क्षेत्रों में काफी संख्या में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है. राजधानी रांची में ही 5000 से ज्यादा बल तैनात किए गए हैं, जिसमें बड़ी संख्या महिला पुलिसकर्मियों की भी है.



**मजिस्ट्रेट की तैनाती**

सुरक्षा की दृष्टि से राजधानी रांची में लगभग 250 मजिस्ट्रेट, 10 डीएसपी और 5 हजार के करीब जवानों की तैनाती की गई है. एसएसपी राकेश रंजन ने दुर्गोत्सव के दौरान शहर के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने का निर्देश दिया है. कानून-व्यवस्था में समस्या पैदा करने वाले और आपराधिक किस्म के लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का भी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है. दुर्गा पूजा को लेकर कई लेयर का सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है. खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं. महिलाओं और बच्चों के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की गई है. इसके साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि कोई भी फोर्स एक जगह पर स्थिर न रहे, वह पंडाल से लेकर आसपास के इलाकों में भ्रमणशील रहे जबकि दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए 1200 से ज्यादा जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है.₹

- मनोज कौशिक, आईजी, रांची रेंज

**भीड़ को लेकर अलर्ट, महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान**

विशेष शाखा के पदाधिकारियों को डीप सर्च मेटल डिटेक्टर से पंडाल के मुख्य स्थलों की जांच सुबह शाम करने का निर्देश एसएसपी ने दिया है. इसके अलावा जरूरत पड़ने पर स्निफर डॉग स्क्वायड से भी सहायता लेने को कहा गया है. सभी थाना प्रभारियों को वैसे स्थानों की सूची पहले से ही बनाने का निर्देश दिया गया है, जहां पहले किसी प्रकार की घटना हो चुकी है. ऐसी जगहों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं. त्योहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस काफी चौकन्ना है और शहर में आने-जाने वाले हर लोगों पर विशेष नजर रख रही है.

**छेड़खानी और छिनतई रोकने के लिए विशेष सतर्कता**

दरअसल, पूजा पंडाल घूमने पहुंची महिलाएं और युवतियों के साथ असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा छेड़खानी और छिनतई की घटनाओं का अंजाम दिया जाता है. पुलिस इस बार ऐसे लोगों से कड़ाई के साथ निपटने का मन बना चुकी है. मनचलों और झपट्टामारों को पकड़ने के लिए विभिन्न पूजा पंडाल और इसके आसपास के क्षेत्रों में सादे लिबास में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है. महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काफी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है.

**सीसीटीवी से निगरानी**

आईजी मनोज कौशिक ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर कई स्थानों पर ड्रोन की तनाती की गई है. वहीं कचहरी स्थित कंट्रोल रूम से शहर में लगे 500 से ज्यादा कमरों के जरिए हर तरफ निगरानी रखी जा रही है. पूजा पंडाल में लगे सीसीटीवी कैमरा की फीड भी कंट्रोल रूम में ली जा रही है ताकि हर तरफ नजर रखी जा सके. रांची पुलिस के पास फिलहाल पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे के जरिए नजर रखने के लिए दो कंट्रोल रूम है. एक धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी में जबकि दूसरा रांची के कचहरी चौक स्थित पुलिस कंट्रोल रूम, दोनों ही कंट्रोल रूम में 25-25 की संख्या में पुलिसकर्मियों को सिर्फ सीसीटीवी कैमरे मॉनिटर करने की ड्यूटी दी गई है. उनका काम सिर्फ यही रहेगा कि वे सीसीटीवी फुटेज देखकर अगर कोई भी अप्रिय स्थिति दिखती है तो वे तुरंत डायल हंड्रेड और संबंधित पुलिस अधिकारियों को सूचित करेंगे.

**पुलिस बैरिकेडिंग कर रोकेगी वाहन**

पूजा पंडाल घूमने के लिए आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों को ड्रॉप गेट और बैरिकेडिंग कर रोका जाएगा. हर ड्रॉप गेट और बैरिकेडिंग किए गए स्थान पर पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है. किसी भी हाल में ड्रॉप गेट और बैरिकेडिंग से आगे जाने के लिए वाहनों को इजाजत नहीं दिया जाएगा.

## मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बार-बार झारखंड का मान बढ़ाया है: बाबूलाल

रांची, संवाददाता

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को "मन की बात" कार्यक्रम के 126वें संस्करण में झारखंड के आशीष सत्यव्रत साहू की चर्चा कर पूरे झारखंड की प्रतिभा, कला, संस्कृति का सम्मान बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता के साथ-साथ यहां की कला और संस्कृति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिलों में बसती है। इसलिए वे खोज कर इसकी महानता और विशेषता को अपने कार्यक्रम "मन की बात" के माध्यम से दुनियां के सामने उजागर करते हैं।



उन्होंने कहा कि झारखंड सिर्फ खान व खनिज के बल पर नहीं, बल्कि अपनी कला, संस्कृति, रीति -रिवाज को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मरांडी ने कहा कि स्वदेशी का संकल्प हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करेगा, आत्मनिर्भरता को बढ़ाएगा और भारत को विश्व गुरु बनाएगा।उन्होंने राज्य की जनता से कहा कि उत्सवों और त्योहारों को 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' से जोड़ें। स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा दें और 'वोकल फॉर लोकल' की आवाज बुलंद करें।


## नवरात्रि पर दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात

**रांची :** झारखंड के दुग्ध उत्पादकों के लिए नवरात्रि के पावन मौके पर अच्छी खुशखबरी आई है। राज्य सरकार झारखंड मिल्क फेडरेशन से जुड़े लगभग 60 हजार दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि की सौगात देने जा रही है। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया है कि अप्रैल 2025 से अगस्त 2025 तक के बकाया प्रोत्साहन राशि को विभाग की ओर से निर्गत कर दिया गया है। विभाग ने दुग्ध उत्पादकों को दिये जाने वाले पांच रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के मद में 16 करोड़ रुपये जारी किये हैं। अब इस राशि को दुग्ध उत्पादकों के बैंक खातों में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड मिल्क फेडरेशन के द्वारा वर्तमान में प्रतिदिन 2 .53 लाख लीटर दुग्ध संग्रहित किया जा रहा है।

## झारखंड के कई जिलों में दो अक्टूबर को भारी बारिश की आशंका

रांची, संवाददाता

**रांची :** झारखंड के कई जिलों में दो अक्टूबर को भारी बारिश होने की आशंका है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी है। विभाग के अनुसार राज्य के जिन जिलों में दो अक्टूबर को भारी बारिश होने की आशंका है, उनमें राज्य के पूर्वी जिले देवघर, दुमका, गिरिडीह, कोडरमा, पाकुड़ और साहिबगंज शामिल है। इसके अलावा विभाग ने राज्य के अन्य इलाकों में भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं तीन अक्टूबर को भी राज्य के कुछ इलाकों में भारी-बड़ी होने की आशंका व्यक्त की गई है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य



में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के सोनुवा में 117.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राजधानी रांची में 31.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

राज्य में सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 35.4 और सबसे कम तापमान लातेहार में 20.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। हालांकि बीच-बीच में धूप भी निकली। दिन भर कमोबेश यही स्थिति बनी रही।

रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री, जमशेदपुर में 32.6, डालटेनगंज में 33.4 डिग्री, बोकारो में 29.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## एसीबी ने नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह के छह ठिकानों पर शुरू की छापेमारी

रांची, संवाददाता

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जेल में बंद नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह के छह ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है।



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रविवार की सुबह एसीबी की टीम विनय सिंह के घर, शोरूम सहित छह अन्य ठिकानों पर पहुंचकर छापेमारी कर रही है। एसीबी की यह छापेमारी हजारीबाग में जमीन की अवैध जमाबंदी के मामले की जा रही है।

एसीबी ने 25 सितंबर को हजारीबाग में वन भूमि की अवैध जमाबंदी से जुड़े मामले में नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था। विनय कुमार सिंह पर सरकारी अधिकारियों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचकर गैर-मजरूआ खास और जंगल-झाड़ी किस्म की भूमि की अवैध जमाबंदी कराने का आरोप है। इसे लेकर एसीबी हजारीबाग थाना में कांड संख्या-11/25 दर्ज किया गया है।

एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार अवैध जमाबंदी का यह मामला 2013 का है। जब डीसी कार्यालय, हजारीबाग ने पांच प्लॉटों की अवैध जमाबंदी को रद्द कर दिया था। इस फैसले को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार ने भी उसी साल सही ठहराया था। जबकि वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के पत्र संख्या 2612, पांच दिसंबर 2012 के अनुसार, यह स्पष्ट किया गया था कि अधिसूचित वन भूमि पर किसी भी तरह का गैर-वानिकी कार्य या अतिक्रमण भारतीय वन अधिनियम, 1927 और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का उल्लंघन है। इस पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के टी गोदावरमन बनाम भारत सरकार मामले में 12 दिसंबर 1996 के आदेश का भी हवाला दिया गया था। जिसमें जंगल-झाड़ी दर्ज भूमि का गैर-वानिकी उपयोग के लिए भारत सरकार की पूर्व अनुमति आवश्यक बताई गई थी.

## मास कॉम विभाग की लापरवाही से दर्जनों छात्र छात्रवृत्ति से वंचित

रांची, संवाददाता

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कॉम, जो कि वोकेशनल (व्यावसायिक) विभाग है, उसकी लापरवाही के कारण कई छात्र-छात्राएं अब तक छात्रवृत्ति की राशि से वंचित हैं। विभाग ने कल्याण विभाग को 29 जुलाई 2025 को भेजे गये दस्तावेज में खुद को रेगुलर विभाग के रूप में दर्शा दिया, जबकि रिकॉर्ड में यह विभाग वोकेशनल श्रेणी में आता है। कल्याण विभाग ने जब जांच की और पूछा कि रिकॉर्ड में विभाग वोकेशनल है तो रेगुलर क्यों लिखा गया, तब विभाग के निदेशक डॉ बसंत झा ने अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद छात्रों ने स्वयं दौड़-धूप कर दस्तावेज सुधार करवाया और नया पत्र कल्याण विभाग को सौंपा। बावजूद इसके, शुरूआती लापरवाही और देरी की वजह से छात्रवृत्ति की राशि अन्य विभागों के छात्रों को जारी कर दी गई।

अब विभाग के पास फंड की कमी है और सैकड़ों जरूरतमंद छात्र-छात्राएं राशि की प्रतीक्षा कर रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर प्रभावित छात्रों का कहना है कि उनकी शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है। विभाग और राज्य सरकार दोनों ही उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि विभाग उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

इस लापरवाही ने न केवल छात्रों की पढ़ाई पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है, बल्कि छात्रवृत्ति पर निर्भर जरूरतमंद छात्रों के सामने बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। फिलहाल छात्र आशा लगाए बैठे हैं कि सरकार और विश्वविद्यालय जल्द समाधान निकालेंगे।

## एनएसएस स्थापना का दिवस: रांची विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

रांची, संवाददाता

**रांची :** राजधानी के रांची विश्वविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) स्थापना दिवस समारोह का आयोजन पूरे उत्साह और गरिमा के साथ किया गया. आर्यभट्ट सभागार में हुए इस भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राएं, पदाधिकारी और अतिथि शामिल हुए. इस कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस गीत से हुई.



इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के खेल निदेशक और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शेखर जमुआर उपस्थित रहे. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एनएसएस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज निर्माण की सशक्त धारा है. उनके अनुसार, जब देश सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब एनएसएस स्वयंसेवक ही वे युवा शक्ति हैं जो सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के युवा आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं और यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है.

इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रांची विश्वविद्यालय की छात्रा दीक्षा कुमारी और छात्र दिवाकर आनंद को विशेष सम्मान दिया गया. दोनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एनएसएस ने उनके जीवन को नई दिशा दी और उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराया.

इस समारोह में सात कार्यक्रम पदाधिकारियों को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया. इनमें डॉ. कुमारी उर्वशी, डॉ. भारती द्विवेदी, डॉ. पूनम कुल्लू, डॉ. हर्षिता सिन्हा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. कंचन मुंडा और डॉ. जय नारायण महतो शामिल रहे. इसके अलावा कई स्वयंसेवकों को सर्वश्रेष्ठ एनएसएस वॉलंटियर अवार्ड मिला. प्रमुख नामों में उदय शंकर प्रजापति, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद अदनान सामी, संकल्प कुमार, आकाश कुमार गिरी, रोशन कुमार और सचिन कुमार सहित कई छात्र-छात्राएँ शामिल हैं.

इस कार्यक्रम के दौरान रांची विश्वविद्यालय के उन स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय एकता शिविर (एनआईसी) और अन्य राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया. इनमें पुरुषोत्तम कुमार, आयशा फातिमा, नवीन किशोर, सुरभि कुमारी और सुप्रिया कुमारी प्रमुख रहे.

छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. सुदेश कुमार साहू ने कहा कि एनएसएस छात्रों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण का माध्यम है. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज के कमजोर और वंचित वर्ग तक पहुंचकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लें. कुलसचिव डॉ. गुरु चरण साहू ने स्वयंसेवकों को अनुशासन और सेवा का प्रतीक बताया और आयोजन के सफल संचालन के लिए धन्यवाद दिया.

इस समारोह के बीच सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिनमें रांची विमेंस कॉलेज, निर्मला कॉलेज, जेवीएम श्यामली, शहीद शेख भिखारी कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और संत जेवियर्स कॉलेज समेत कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति से कार्यक्रम में रंग भर गया.

एनएसएस समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल युवाओं को प्रेरित करते हैं, बल्कि यह भी याद दिलाते हैं कि ह्यसेवा परमो धर्मःह्व केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक राह है. रांची विश्वविद्यालय का यह आयोजन इस बात का संदेश बनकर उभरा कि युवाओं की ऊर्जा और समर्पण ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है.

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने पूजा-अर्चना कर पंडाल का किया उद्घाटन



**रांची :** रांची के बड़गाई स्थित श्री श्री पंचदेव मंदिर के हनुमान क्लब, दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने रविवार को संपूर्ण शास्त्रोक्त विधि से पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक डॉ. जीवाधन प्रसाद, अध्यक्ष राजेश साहू, बालशाय महतो, मनीष साहू, कोषाध्यक्ष अजय महतो, जगलाल महतो, विकास कुमार, बबिता देवी,आनंद साहू और रमन साहू सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### पेंशन संशोधन निरस्त होने पर 33 लाख पेंशनर्स 8वें वेतन आयोग के लाभ से होगे वंचित : खान



**रांची :** फोरम ऑफ सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड के संयोजक एमजेड खान ने कहा कि पेंशन अधिनियम में किए गए संशोधन से पेंशनर्स को काफी परेशानी है। इसलिए संशोधन को निरस्त करना बेहद जरूरी है। इस संशोधन के प्रभावी होने से देशभर के 33 लाख से अधिक सिविल पेंशनर्स 8वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित हो जाएंगे। खान रविवार को रांची के बीएसएनएल यूनियन कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जुलाई से लगातार आंदोलन चल रहा है। पहले चरण में 24 जुलाई को शहीद चौक पर मानव श्रृंखला बनाई गई, दूसरे चरण में 25 अगस्त को राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित हुआ। इसके बाद दो सितंबर को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया और 13 सितंबर को सांसद संजय सेठ को भी ज्ञापन दिया गया। चौथे चरण के तहत रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित हुई, जबकि अंतिम चरण में 10 अक्तूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। इस धरने में झारखंड से प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### भाई सूरज सिंह की अंतिम अरदास पर विशेष दीवान, दी गई श्रद्धांजलि



**रांची :** रांची में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के मीत ग्रंथी भाई सूरज सिंह की आकस्मिक निधन के बाद रविवार को विशेष दीवान सजाया गया। इस मौके पर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजलि अर्पित की गयी। दीवान की शुरूआत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड के रागी जत्था भाई भरपूर सिंह एवं साथियों ने "जो हर का प्यारा, सो सबना का प्यारा" गायन से की। इसके बाद सभा के हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने "जो आईआ सो चलसी सबकी आई वारीऐ एवं गुरमुख जनम सवार दरगह चलिआ" का गायन किया।

### श्री राम लला पूजा पंडाल में भुज के स्वामी नारायण मंदिर से पहुंचे सात स्वामी संत



**रांची :** श्री राम लला पूजा समिति के सानिध्य में रांची जिला स्कूल के मैदान में गुजरात के भुज स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर के प्रारूप को देखने के लिए रविवार को भुज स्थित स्वामी नारायण मंदिर के सात स्वामी संतों की टोली पहुंची। सात संतों की टीम में स्वामी संत जीवन दास, नयल करण दास, वजार्जीवन दास, धर्मा वत्सल दास, भक्ति वल्लभ दास, भगवान दास शामिल थे। समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी और प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने पंडाल में बने स्वामी नारायण मंदिर का उन सभी को अवलोकन कराया। पंडाल के गर्भगृह में जाकर मां की पूजा अर्चना सहित आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सचिवालय के बाद अब थाना में भी सांप,फाइलों की कर रहा था निगरानी

**रांची।** सचिवालय के बाद अब थाना में भी सांप की इंट्री हो गई है. लगभग एक महीने पहले परिवहन विभाग में सांप फाइलों में कुंडली मार कर बैठा था, जिसके बाद विभाग के परिसर में हड़कंप मच गया था. इसका बाद सांप पकड़ने वाले को बुलाया गया. तब सांप को पकड़ा गया. अब रविवार को डोरंडा थाना में फाइलों की निगरानी करता सांप नजर आया. सांप को देखते ही थाना में मौजूद पुलिसकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया. इसके बाद सांप पकड़ने वाले को बुलाया गया. फिर इंडियन रेट स्नेक को रमेश कुमार ने रेस्क्यू किया.






# 63वें दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ,

## माननीय ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह एवं माननीय कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के कर कमलों से हुआ भव्य उद्घाटन,

- मां दुर्गा की दिव्य मूर्ति का पट आम श्रद्धालुओं के लिए खोला गया
- छप्पन सेट पूजा समाज को जोड़ने का प्रतीक है झ दीपिका पाण्डेय सिंह
- भव्य आयोजन के लिए समिति को बधाई झ ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंहह्व
- प्पन सेट दुर्गा पूजा हमारी संस्कृति और आस्था का जीवंत उदाहरण झ शिल्पी नेहा तिर्की
- ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा और समरसता को मजबूत करते हैं झ कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की
- मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने बताया झ सीमित संसाधनों में भी श्रद्धालुओं के लिए भव्य पंडाल और कार्यक्रम
- महाआरती में 501 महिलाओं ने उतारी आरती, आलोक कुमार दुबे ने गणमान्य अतिथियों का किया स्वागत
- सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है छप्पन सेट पूजा झ आलोक कुमार दूबे
- डांडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजेगा परिसर, आलोक कुमार दुबे ने दी जानकारी



संवाददाता ।रांची

रांची, 29 सितम्बर 2025 :छप्पन सेट, डोरण्डा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित 63वां दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ इस वर्ष झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह एवं माननीय कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के कर-कमलों से संध्या 7:00 बजे किया गया। कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की ने पूजा पंडाल का उद्धघाटन फीता काटकर किया जबकि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने मां का पट खोला ।

मां दुर्गा के पट खोलते ही सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मां की भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें परंपरा के अनुसार 501 महिलाओं ने एक साथ आरती उतारी।

इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह जी ने कहा

डोरण्डा की छप्पन सेट दुर्गा पूजा सिर्फ धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रतीक है। यहां की महाआरती, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। मैं समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे और पूरी टीम को बधाई देती हूँ कि सीमित संसाधनों में भी उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए इतना भव्य और दिव्य आयोजन किया है।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा

ह्लछप्पन सेट दुर्गा पूजा महोत्सव हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण है। यहां हर वर्ग और हर पीढ़ी के लोग एक साथ जुड़कर मां दुर्गा की साधना करते हैं। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। मैं समिति को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं देती हूँ

समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे के स्वागताध्यक्ष में गणमान्य अतिथियों का चुनरी ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। बंगाल के कारीगरों के कुशल हाथों से तैयार भव्य पंडाल एवं मूर्तिकारों द्वारा निर्मित देवी की दिव्य प्रतिमा ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया ।समिति के अध्यक्ष गोपी दुबे ने बताया कि इस बार भी सीमित संसाधनों के बावजूद आस-पास की कई समितियों झ 56 सेट, 124 सेट, कुम्हार टोली, लक्ष्मी पाड़ा, भारती कम्पाउंड और जैप वन के सहयोग से पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा की सम्पूर्ण विधि-विधान एवं अनुष्ठान पंडित उदय चंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हो रहे हैं ।कलश स्थापना से लेकर विजयादशमी तक प्रतिदिन संध्या 7:30 बजे महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। महाआरती में महिला, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल होकर भक्ति-भाव से मां की आराधना करेंगे। आरती के समय बंगाल के पारंपरिक ढ़ाक वादक अपनी कला से वातावरण को और भी दिव्य बना देंगे ।इस अवसर पर समिति द्वारा बच्चों एवं महिलाओं और युवाओं के लिए भव्य डांडिया नृत्य का आयोजन होगा। डांडिया में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं समाज के सहयोगी वॉरियर्स जैसे सफाई कर्मी, बिजली कर्मी आदि को भी समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा ।आज के उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।समिति के मीडिया प्रभारी मेंहुल दुबे ने बताया कि आने वाले दिनों में कई सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे पूजा का उल्लास और भी भव्य होगा।

# युवा दस्ता के मुख्य मंच का उदघाटन एडीएम लॉ एंड आर्डर श्री राजेश्वर नाथ आलोक के द्वारा किया गया



संवाददाता ।रांची

उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री महावीर मंडल राँची महानगर के अध्यक्ष श्री कुणाल अजमानी मुख्यरूप से उपस्थित थे ।

उदघाटन समारोह में युवा दस्ता के संस्थापक श्री राजीव रंजन मिश्रा , श्री महावीर मण्डल राँची के पूर्व अध्यक्ष श्री रवि कुमार पिंकू एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्री राहुल सिन्हा चंकी , वरिष्ठ युवा समाजसेवी श्री राजेश सिन्हा सनी , युवा दस्ता के संग्रक्षक श्री महेश चंद्र , श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री श्री गोपाल पारीक , श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष श्री लंकेश सिंह एवं मुख्यरूप से उपस्थित थे ।समारोह की अध्यक्षता युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू ने की , संचालन पीयूष आनंद ने किया एव धन्यवाद ज्ञापन श्री टिंकू महतो के द्वारा किया गया ।मंच उदघाटन समारोह में आए सभी अतिथियों का भव्य स्वागत चुनड़ी ओढाकर युवा दस्ता के ज्योति शंकर साहू , करण नायक , नवनीत पांडेय , राकेश सिंह के द्वारा किया गया ।एडीएम लॉ एंड आर्डर श्री राजेश्वर नाथ आलोक ने सभी सदस्यों को प्रशासन के हस्ताक्षर युक्त परिचय पत्र देकर सभी पंडाल में तैनात रेहने के लिए रवाना किया ।एडीएम लॉ एंड आर्डर राँची ने सभी कार्यकताओं से दुर्गा पूजा सफल बनाने की अपील की एवं किसी प्रकार की परेशानी होने पे सहयोग करने का आस्वासन दिया ।

श्री राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि किसी भी दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो तुरंत दस्ता के सदस्य को संपर्क करे ताकि उनकी परेशानी का समाधान निकल सके ।

श्री मिश्रा ने आग्रह किया है कि माँ भवानी के दर्शन करने आये सभी दर्शनार्थियों के साथ मे आये सभी बच्चों एवं बुगुर्गो के पॉकेट में नाम पता एवं फोन नंबर डाल दे ताकि भीड़ में बिछड़ने पर दस्ता के सदस्य उनको घर तक पहुँचा सके ।

समारोह में राज किशोर प्रसाद , प्रकाश चंद्र सिन्हा राकेश सिंह , अभिनव पासवान , नवनीत पांडेय , अमित केसरी , टिंकू महतो , राजेश राम ,सागर कुमार , सोनू पटवा ,डॉ ऐ के लाल ,अरविंद जैसवाल , रितेश साहू , सहित सभी छेत्रिय प्रभारी एवं सदस्य सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे ।

# भाजपा की झूठी बयानबाजी लोकतंत्र पर हमला : विनोद कुमार पांडेय

संवाददाता ।रांची



रांची। 28 सितंबर 2025झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा अब पूरी तरह मुद्दाविहीन हो चुकी है। इसलिए सस्ती राजनीति और झूठे आरोप गढ़कर भाजपा जनता को गुमराह करने का काम कर रही है ।प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा संविधान, लोकतंत्र और न्याय के पक्षधर रहे हैं। किसी भी नागरिक की आवाज को सुनना और उसका समर्थन करना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है, न कि राष्ट्रविरोध। भाजपा नेताओं को यह समझना चाहिए कि विचार प्रकट करना और असहमति जताना लोकतंत्र की असली ताकत है ।भाजपा को यह बताना चाहिए कि अभिव्यक्ति के अधिकार के बारे में उसकी समझ क्या है ।उन्होंने कहा कि शिक्षा में क्रांति लाने से लेकर हिमालय की रक्षा और चीन की चुनौती पर देश को जगाने तक सोनम वांगचुक की सच्ची और साहसी आवाज को कैद कर लिया गया है। लेह-लद्दाख के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। यह केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि लद्दाख की जनता की भावनाओं और भारत के लोकतंत्र की गिरफ्तारी है ।पांडेय ने कहा कि वांगचुक जी ने शिक्षा सुधार से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक और सीमाओं की सुरक्षा को लेकर देश को लगातार सचेत किया। ह्यआइस स्तूप जैसे नवाचारों ने पूरी दुनिया को टिकाऊ विकास का रास्ता दिखाया।

# रांची अंजुमन इस्लामिया चुनाव डोरंडा से को कन्वेनर बनाने हेतु मांग पास किया गया



संवाददाता ।रांची

रांची: आज डोरंडा के रिसालदार बैंक्विट हॉल में अंजुमन इस्लामिया चुनाव को लेकर एक अहम बैठक आयोजित हुई जिसमें डोरंडा के शहर ए काजी कारी मसूद फरीदी एवं सहयोगी इम्तियाज सोनू को को कन्वेनर बनाने हेतु मांग हेतु प्रस्ताव पास किया गया ।यह मांग डोरंडा के आलिम उलेमा, सामाजिक, पंचायत, प्रबुद्ध लोगों ने कहा रांची अंजुमन इस्लामिया चुनाव में डोरंडा की मुस्लिम समाज की भागीदारी एवं चुनाव को निष्पक्ष ढंग करने हेतु कार्य किया जाएगा ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जनाब नईम आलम ने कहा रांची जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों को अंजुमन इस्लामिया चुनाव में जोड़ने का काम किया जाए अंजुमन इस्लामिया चुनाव में डोरंडा को लेकर हमेशा दोहरी निगाहों से देखा गया है ये मानसिकता को खत्म करने की जरूरत है ।इसके अलावा जामा मस्जिद कमेटी के सदर अधिवक्ता जनाब कैसर ने कहा कि अंजुमन में चुनाव के वक्त फर्जी वोटर बनाए जाने लगते हैं जो समाज को देखना चाहिए और अंजुमन में अच्छे इंसान का रहना बेहद जरूरी है जो कौमी जज्बा रखते हो कौम की खिदमत करे ।समाजिक संगठन आमया के अध्यक्ष जनाब शमीम एस अली ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया में वादे के अनुसार काम नहीं किया जाता है ये सिर्फ डोरंडा की बात नहीं शहर के सभी जगहों पर अंजुमन इस्लामिया द्वारा संचालित जगहों पर हमेशा अनदेखा किया जाता है ।बैठक में 25 सदस्यीय टीम बनाए गए जिसमें कारी मसूद फरीदी, कारी आफताब जिया, तासी आलम, नईम आलम, कैसर आलम, मौलाना तौफिक साहब, जफर अली कुरैशी (राणा) अब्दुल साहब, नसीम गद्दी, अयुब गद्दी, असफर खान, जावेद अहमद गद्दी, मो अशरफ अंसारी, इम्तियाज सोनू, रमजान कुरैशी, एस अली, जावेद अख्तर, अरशद ज़िया, नवाब चिश्ती, सुहेल गद्दी, नदीम मुन्ना, अनीश गद्दी मौलाना मुनीर, तबरेज खान, बनाए गए ।बैठक में डोरंडा दरगाह कमेटी के सदर जनाब अयूब गद्दी, उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो, एवं सदस्य नज्जू बाबा डोरंडा सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सदर अशरफ अंसारी, नसीमउल हक मौलाना मुनीर, डोरंडा मोमिन पंचायत सदर मो अशरफ अंसारी, जमेतूल मोमिन पंचायत 84 खजांची अरशद जिया, डोरंडा गद्दी पंचायत खलीकुल गद्दी मिल्लत पंचायत मिस्त्री मोहल्ला असफर खान, मरकजी सीरत कमेटी डोरंडा बाजार मोहल्ला से नईम आलम आमया संगठन जनाब शमीम अली रजा यूनिटी फाउंडेशन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नवाब टीम कुतुब मो.सुहैल, मो.फारूक, मो. जावेद, हाजी जाकिर, हाथीखाना डोरंडा के मो असलम, मो खैरुल्लाह, मो सहिद अख्तर,

# झारखंड में थैलेसीमिया/रक्तदान एवं दिव्यांगजनों के मुद्दों पर मंत्री दीपिका पांडेय से लहू बोलेगा का प्रतिनिधिमंडल मिला



संवाददाता ।रांची

रांची :झारखंड सरकार की आदरणीय मंत्री महोदया श्रीमति दीपिका पांडेय मैड़म से आज अहले सुबह उनके रांची स्थित धुर्वा आवास में झारखंड कांग्रेस प्रवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ₹सन्नी₹ जी के नेतृत्व में ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची/झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन/झारखंड राज्य स्वैच्छिक रक्तदान संगठन कॉर्डिनेशन कमेटी के संस्थापक/राज्य संयोजक नदीम खान सहित दिव्यांगजनों एवं दिव्यांगजनों के विशेष शिक्षक के राज्य अध्यक्ष पॉवेल कुमार मिलें ।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि झारखंड राज्य में थैलेसीमिया पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही और उसकी तरह से उनके हर स्तर की पीड़ा भी,जो एक माँ ही समझ सकती है। वही रक्तदान-महादान के रिवाज को सरकारी स्तर पर तेज करने रक्तदान की भी आवश्यकता है जिसमें झारखंड रक्तदान पर व्यवहारिक/तार्किक एवं संवेदनशील नीति बनाने की आवश्यकता है ।झारखंड के थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं झारखंड भर के रक्तदान संगठनों के संग जल्द एक परिचर्चा आपके एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ आयोजित होगी ।थैलेसीमिया/सिकल सेल एनीमिया/अप्लास्टिक एनीमिया भी स्थाई दिव्यांता में आती है जहाँ स्थाई रेलवे पास की भी परेशानी है झारखंड में दिव्यांगजनों एवं थैलेसीमिया की पीड़ा पर और संवेदनशीलता के साथ मजबूत पहलकदमी की जाए ।झारखंड सरकार की माननीय मंत्री महोदया श्रीमति दीपिका पांडेय जी ने संवेदनशीलता के साथ प्रतिनिधिमंडल की चर्चा और अपील पर कहा कि झारखंड सरकार संवेदनशील होकर कार्य कर रही है,इसपर भी कार्य जारी है जल्द ही दुगार्पूजा बाद आपके अपील पर बातचीत कर निष्पादन किया जाएगा।

# राँची विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन

संवाददाता ।रांची

राँची विश्वविद्यालय में आज दिनांक 28 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) स्थापना दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ठरर लक्ष्य गीत के गायन से हुआ ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री शेखर जमुआर, क्अर, खेल निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा झ ह्लराष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक संगठन भर नहीं है, बल्कि यह समाज निर्माण की एक सशक्त धारा है। ठरर युवाओं के भीतर न केवल सेवा भावना का विकास करता है, बल्कि उनमें अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता को भी प्रखर बनाता है। आज के दौर में जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब ठरर स्वयंसेवक ही वह शक्ति हैं जो सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। हमारे झारखंड के युवा आज पूरे देश में अपनी पहचान बना रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान अर्जित कर रहे हैं। यह हमारे राज्य के लिए गर्व का विषय है। ठरर का मूल मंत्र ह्यसेवा परमो धर्म:ह्न केवल शब्दों में नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक धारा है। ठरर से जुड़कर युवा यह सीखते हैं कि सच्ची शिक्षा वही है, जो समाज और राष्ट्र की सेवा में रूपांतरित हो सके। कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति से



पुरस्कार प्राप्त करने वाले दीक्षा कुमारी एवं दिवाकर आनंद का विशेष सम्मान किया गया। दोनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ठरर ने उनके जीवन को नई दिशा दी है और उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायित्व का गहरा बोध कराया है ।इसके अतिरिक्त ठरर में उत्कृष्ट योगदान हेतु 07 कार्यक्रम पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिनमें झ डॉ. कुमारी उर्वशी (विशेष सम्मान),डॉ. भारती द्विवेदी,डॉ. पूनम कुल्लू, डॉ. हर्षिता सिन्हा,डॉ. अमित कुमार,डॉ. कंचन मुण्डा तथा डॉ. जय नारायण महतो के नाम चयनित हुए थे। साथ ही, कई स्वयंसेवकों को सर्वश्रेष्ठता पुरस्कार से नवाजा गया, जिनमें प्रमुख नाम हैं झ उदय शंकर प्रजापति, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद अदनान सामी, संकल्प कुमार, आकाश कुमार गिरी, रोशन कुमार, सचिन कुमार, स्मृति रानी, सुष्मिता केरकेट्टा, रिया कुमारी, प्रीति सिंह, खुशी विश्वकर्मा, अंजलि प्रियंका कंडोलना, नाज परवीन, समृद्धि सिंह राजपूत ।रांची विश्वविद्यालय के उन स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया जो ठक्ऊ और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शामिल हुए। पुरुषोत्तम कुमार, आयशा फातिमा ,नवीन किशोर, सुरभि कुमारी, सुप्रिया कुमारी आदि को सम्मानित किया गया।

डॉ. सुदेश कुमार साहू, संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण, राँची विश्वविद्यालय ने कहा कि ठरर छात्रों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण दोनों का माध्यम है ।आज जब हम अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तब आवश्यक है कि हर युवा अपने भीतर यह संकल्प ले कि वे समाज के कमजोर, वंचित और पिछड़े वर्गों तक पहुँचकर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ें। ठरर इस दिशा में सबसे कारगर माध्यम है। मैं राँची विश्वविद्यालय और यहाँ के ठरर स्वयंसेवकों को बधाई देता हूँ कि वे इस मिशन को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

# ब्रीफ न्यूज

## टांगर के रहने वाले बबलू राय गरीब का बेटा डेढ़ साल में मुकम्मल हाफिज ए कुरआन बना



संवाददाता ।रांची

रांची: चान्हो ,टांगर बस्ती के राय बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले बबलू राय गरीब का बेटा डेढ़ साल में मुकम्मल हाफिज ए कुरआन बना, पूरे परिवार में खुशियों से आंखों में आंसू भर आए , हाफिज अबू रेहान अकल कुंवा महाराष्ट्र में तालीम हासिल कर रहा है, चान्हो ब्लॉक जमीयत उलेमा ए हिंद के तरफ से नाइब सेक्रेटरी जुल्फिकार अली ने रुमाल उड़ाकर और चान्हो ब्लॉक के कोसा अध्यक्ष मिठाई खिलाकर और रांची जिला के कोसा अध्यक्ष ने माला पहनाकर सम्मानित किया और बच्चे का उज्जवल भविष्य के लिए सभों दुवाआएं दी, मौके पर चान्हो ब्लॉक जमीयत उलेमा ए हिंद के सेक्रेटरी मौलाना अबुल कलाम आजाद ने कहा पूरे परिवार वालों के साथ-साथ गांव वालों के लिए भी बहुत खुशी की बात है की एक गरीब घर का बेटा कुरआन को अपने सीने में उतार लिया और मेहनत करने से इंसान क्या कुछ नहीं कर सकता , पर ऊपर वाला जिसको चाहे उसी को देता है, हम ऊपर वाला से दुआ करते हैं कि यह बच्चा और तरक्की करे और अपने मां बाप के नाम रोशन करने के साथ-साथ गांव वालों का भी नाम रोशन हो, मौके पर पूरे परिवार वालों के साथ-साथ हाजी एहसान साहब जुल्फिकार अली जावेद अख्तर नूर मोहम्मद अंसारी मौजूद थे,

## शहीदे आजम सरदार भगत सिंह के विचारों से नौजवानों को प्रेरणा लेना चाहिए।



संवाददाता ।रांची

रांची: शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की 118वी जयंती भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारधारा को फैलाने विचारों को मानने सहित देश में साम्राज्यवाद एवं संप्रदायवाद के विरोध में नौजवानों को आगे आकर लड़ाई को आगे बढाने पर जोर दिया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव, अजय कुमार सिंह, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अधिवक्ता ए के रशीदी खेत मजदूर यूनियन के राज्य सचिव इम्तियाज खान मौजूद थे नेताओं ने कहा की भगत सिंह व्यक्ति नहीं थे भगत सिंह एक विचारधारा है आज देश की नौजवानों की जरूरत है की भगत सिंह के विचारधारा को अपनाते हुए साम्राज्यवाद एवं सांप्रदायिक बाद के विरोध में आंदोलन तेज करें नेताओं ने कहा कि भगत सिंह ने कहा था की गोरे चले जाएंगे लेकिन हम पर कल भी राज करेंगे इसीलिए भगत सिंह की विचारधारा को अपनाते हुए नौजवानों को गोल बंद कर आंदोलन को तेज करना चाहिए नेताओं ने कहा कि बेरोजगारी का फौज देश में खड़ा होता जा रहा है केंद्र एवं राज्य सरकार बेरोजगारी पर कोई नीति तैयार नहीं कर रही है इसलिए देश के अंदर भगत सिंह रोजगार गारंटी कानून को बनाने रोजगार नौजवानों को ?10000 अनुबंध पर रखे गए लोगों को अस्थाई करने सहित कई मांगों को लेकर आगे आने वाले दिनों में आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया जयंती कार्यक्रम में पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ,इम्तियाज खान ,एक के रसीदी ,अजय कुमार सिंह, रवि कुमार पाठक अभिषेक मिश्रा अभिषेक मिश्रा अजहर मलिक किरण कुमारी सुरेंद्र कुमार दीक्षित कृष्ण कुमार वर्मा निरंजन कुमार भारती विजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित है

## नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सम्मानित किया गया

संवाददाता ।रांची



रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत आज केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ के आवास पर 75 कलाकार 75 शिक्षक और 75 सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ के द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कलाकार वो वाहक होते हैं, जिनके माध्यम से हमारी संस्कृति, परम्परा और कलाएं पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होती रहती हैं। हमारी कलाएं जीवंत रहें, निरंतर प्रवाहित होती रहें; इसके लिए कलाकारों का उत्साहवर्द्धन आवश्यक है। शिक्षक जो समाज निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की नींव तैयार करने वाले होते हैं ऐसे लोगों को सम्मान करना गौरव की बात है सोशल मीडिया आज प्रचार का एक सशक्त माध्यम है सोशल मीडिया के माध्यम से हम देश दुनिया की अनेक खबरें आसानी से हम लोगों के बीच देखने को मिलता है ऐसे लोगों को सम्मानित करना भी हमारे लिए सम्मान की बात है आज के इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री आदित्य साहू जी, रांची के विधायक सी पी सिंह प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्री विकास प्रीतम जी, श्री अमरनाथ चौधरी जी प्रमुख रूप से मौजूद रहे



राँची : एसएसपी राकेश रंजन विधि-व्यवस्था का जायजा लेने बाइक से रात मे निकले सड़को पर साथ मे सिटी एसपी, ट्रैफिक एसपी, एडीएम लॉ एन ऑर्डर लालपुर थाना प्रभारी और बल मौजूद

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने मां अंबे दुर्गा पूजा प्रांगण गुरुचट्टी में ट्रांसफार्मर व लाईट लगवाया



**बड़कागांव (हजारीबाग) :** बड़कागांव जीडीएम चौक थाना के बगल में स्थित बाजार टांड़ में संचालित मां अंबे दुर्गा पूजा प्रांगण में बार-बार हो रही बिजली समस्या को लेकर पूजा समिति के द्वारा विधायक रोशन लाल चौधरी से बिजली समस्या दूर करने कि मांग की, जिसपर विधायक रोशन लाल चौधरी ने संज्ञान लिया एवं तत्परता दिखलाते हुए 100 केवीए का नया ट्रांसफर एवं हाई मास्ट लाईट लगवाया। जिसका उद्घाटन गुरुचट्टी कुशवाहा समाज के संरक्षक बुजुर्ग 92 वर्षीय बालेश्वर महतो एवं पूर्व अध्यक्ष कीनु महतो ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर किया। मौके पर गुरुचट्टी कुशवाहा समाज के संरक्षक बालेश्वर महतो व कुशवाहा समाज के संयोजक सुरेंद्र कुमार ने कहा कि विधायक रोशन लाल चौधरी विकास के प्रति तत्पर हैं, हम आभार व्यक्त करते हैं। ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। मौके पर मुख्य रूप से संयोजक सुरेंद्र कुमार, अध्यक्ष संतोष महतो,सचिव संजय कुमार, बीगल किशोर महतो, धुपन महतो, प्रदीप कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह,भाजपा के प्रखंड महामंत्री नरसिंह प्रसाद,आजसू सह प्रखंड का सचिव घनश्याम कुशवाहा, टुकन कुमार, अमृत कुमार, रविंद्र कुमार मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, भाजपा नेता किशोर कुमार, दुर्गा पूजा कोषाध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी, सोहर महतो, सुधांशु शेखर, कुलेश्वर कुमार, तुलेश्वर कुमार,विकास कुमार, पंकज कुमार, अनिल कुमार, नागेश्वर महतो, दिलीप कुमार, सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### दैहर में कृष्ण लीला महोत्सव का भव्य आयोजन, मुख्य अतिथि रहे उमाशंकर अकेला



**चौपारण (हजारीबाग) :** दुर्गा पूजा के अवसर पर दैहर में आयोजित कृष्ण लीला महोत्सव के पांचवें दिन का कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। पूजा समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय ने अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत और सम्मान किया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने जोरदार तालियों से पूर्व विधायक का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि उमाशंकर अकेला ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को एकजुट करने का काम करते हैं। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से आने वाली पीढ़ियों को हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का अवसर मिलता है,कृष्ण लीला के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न लीला प्रसंगों को जीवंत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम की सफलता ने दशार्या कि दैहर गांव में सांस्कृतिक आयोजनों का मजबूत परंपरा से जुड़ाव है।

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती पर विद्यालय में भव्य कार्यक्रम



**चौपारण (हजारीबाग) :** रविवार को प्रखंड अंतर्गत शहीद भगत सिंह +2 उच्च विद्यालय झापा-विसनपुर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया।
मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि विचारों और आदर्शों के प्रतीक थे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शहीद के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। श्री अकेला ने शहीद भगत सिंह के लेखों और कृतियों पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि उनका त्याग और साहस आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण,छात्र-छात्राएं, ग्रामीण,जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक राम लखन सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने जयंती समारोह को भव्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और सभी ने मिलकर शहीद-ए-आजम के आदर्शों को याद करते हुए राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया।

### जगदीशपुर में सोना-सोबरन योजना के तहत हुआ साड़ी-धोती का वितरण

**चौपारण(हजारीबाग):** झारखंड सरकार की लोक कल्याणकारी सोना-सोबरन साड़ी-धोती वितरण योजना के तहत रविवार को ग्राम पंचायत जगदीशपुर में योग्य लाभुकों के बीच साड़ी और धोती का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने स्वयं लाभुकों के बीच वस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम में डीलर परमेश्वर रविदास, डीलर मीना देवी, सुखदेव रविदास, रंजन रविदास, राजेंद्र, मूलचंद साव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि सरकार की यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को त्योहारों के मौके पर आर्थिक सहारा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योजना का पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है ताकि वास्तविक लाभुकों तक इसका लाभ पहुंचे।

# निर्मल महतो विधायक के हलफनामे पर उठा विवाद प्रकाश भाई पटेल ने निर्वाचन पदाधिकारी को लिखी चिट्ठी

### वर्तमान विधायक के निर्वाचन को चुनौती देने में लगे हैं पूर्व विधायक : सचिन खंडेलवाल

**हजारीबाग, संवाददाता**

**हजारीबाग :** मांडू विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में एक बार फिर से हलचल मच गई है। पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर वर्तमान विधायक और आजसू पार्टी के उम्मीदवार निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पटेल का आरोप है कि विधायक ने अपने नामांकन के दौरान दाखिल किए गए निर्वाचन हलफनामे में आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं दी, जिससे आदर्श आचार संहिता और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन हुआ है।वर्तमान विधायक का निर्वाचन रद्द किया जाना चाहिए ` पूर्व विधायक का दावा संवाददाता ने टेलीफोनिक के द्वारा जे पी पटेल से बात की तो उन्होंने कहा की निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के खिलाफ कुल 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन उन्होंने अपने हलफनामे में सिर्फ 10 मामलों का ही जिक्र किया। यही विवरण पार्टी की ओर से शपथ पत्र 2873 के जरिए प्रशासन और मीडिया को भी उपलब्ध कराया गया। पटेल ने आरोप लगाया कि जानबूझकर तथ्यों को छुपाया गया है, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। 45 साल तक राजनीति करने के बाद भी उनका मन नहीं भरा है और अब जनता के फैसले को चुनौती देने में लगे हैं मांडू विधानसभा क्षेत्र में हलफनामे और आपराधिक मामलों को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच वर्तमान विधायक निर्मल महतो उर्फ.तिवारी महतो ने पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर




दिया है।महतो ने कहा कि हमारे ऊपर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। चुनाव आयोग के पास हमने सभी तथ्यों को पारदर्शिता के साथ रखा है।उन्होंने पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व विधायक यह बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं कि एक गरीब पिता का बेटा विधायक बन गया। 45 साल तक राजनीति करने के बाद भी उनका मन नहीं भरा है और अब जनता के फैसले को चुनौती देने में लगे हैं।श्री महतो ने साफ कहा कि जनता ने उन्हें भरोसा कर प्रतिनिधि चुना है और वे जनता की सेवा करते रहेंगे। हलफनामे में दर्ज आपराधिक मामले गिद्दी थाना (हजारीबाग): कांड सं. 109/2022, 68/2013, 69/2013 धारा : 341, 323, 353, 504, 506, 147, 148, 179 आदि ,रामगढ़ थानाः कांड सं. 122/2011, 415/2020, 279/2020, 278/2020,धारा : 147, 148, 149, 114, 448, 427, 385, 387, 269, 270, 271, 379, 504, 506 आदि मांडू थानाः कांड सं. 186/2016 धारा : 147, 148, 149, 323, 324, 379, 385, 34 नावाडीह थानाः कांड सं. 66/2023 धारा : 353, 171(उ), 171(ऋ), 34पटसंडा थानाः कांड सं. 140/2017 धारा : 419, 420, 467, 468, 471, 120(इ), 34 अतिरिक्त मामले (पटेल का आरोप, हलफनामे में उल्लेख नहीं) बड़कागांव (उरीमारी) थानाः कांड सं. 208/2015 धारा : 420, 120इ क्ढउ एवं 3/4 टऊअफ्ळ अूइ ,मांडू (कुज्जु) थानाः कांड सं. 40/2022 धारा : 143, 188, 290 क्ढउ एवं 3/4 उ्ट अूइ दोषसिद्धि नहीं हुई हलफनामे में यह स्पष्ट किया गया है कि निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो अब तक किसी भी मामले में दोषसिद्धि नहीं हुए हैं और सभी मामले अदालतों में लंबित हैं।राजनीतिक सरगर्मी इस विवाद के सामने आने के बाद मांडू विधानसभा क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। पूर्व विधायक पटेल ने निर्वाचन आयोग से तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उम्मीदवार आपराधिक मामलों की सही जानकारी नहीं देते हैं तो यह मतदाताओं को भ्रमित करने और न्यायालय के आदेश की अवमानना करने के समान है।

## दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च व पूजा पंडालों का निरीक्षण

**चौपारण, संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग) :** प्रखंड में दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से चौपारण पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और फ्लैग मार्च निकालकर शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व डीएसपी अजीत कुमार विमल ने किया। इस दौरान उनके साथ सीओ संजय कुमार यादव, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। अधिकारियों ने चौपारण बाजार, बसरिया,रामपुर, मानगढ़, सिंघरावा,दैहर समेत कई प्रमुख इलाकों में स्थित पूजा पंडालों का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन ने पंडाल समिति के पदाधिकारियों



से मुलाकात की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। अधिकारियों ने समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा सामूहिक आस्था और सामाजिक सौहार्द का पर्व है, इसे मिलजुल कर मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। डीएसपी अजीत कुमार विमल ने मौके पर कहा कि प्रशासन हर गतिविधि पर विशेष नजर रखे हुए है। पूजा पंडालों में शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह से सतर्क और तैयार है।थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या विवाद को फैलाने से बचें। उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान दनुआ घाटी से लेकर चौपारण बाजार तक संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि शांति व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है पंडाल समितियों ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे नियमों का पालन करेंगे और किसी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं होने देंगे। स्थानीय ग्रामीणों व दुकानदारों ने भी फ्लैग मार्च का स्वागत किया और कहा कि प्रशासन की यह पहल आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना जगाती है।कुल मिलाकर, दुर्गा पूजा को लेकर चौपारण में प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालु निश्चिंत होकर पूजा-अर्चना कर सकें। अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि दुर्गा पूजा शांति और भाईचारे का पर्व है, इसे सभी लोग आपसी सहयोग और सद्भाव के साथ मनाएं।

### आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सदस्यों का अनुशासित और भव्य पथ संचलन



**चौपारण, संवाददाता**

**चौपारण(हजारीबाग) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह पथ संचलन जीटी रोड़-19 पर आयोजित किया गया,जो केंदुआ मोड़ से प्रारंभ होकर चैथी मोड़, ब्लॉक मोड़,चतरा मोड़ होते हुए पुनः केंदुआ मोड़ पर समाप्त हुआ।इस अवसर पर सैकड़ों संघ कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे, जिनकी संगठित और अनुशासित चाल ने उपस्थित नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। पथ संचलन के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति और संगठन के मूल्यों का संदेश देते हुए मार्ग में शांति और अनुशासन बनाए रखा।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस भव्य आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल संगठन की ताकत और अनुशासन को दशार्ते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना भी बढ़ाते हैं।स्वयंसेवकों ने पथ संचलन के माध्यम से संगठन की 100 वर्षों की उपलब्धियों और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया।आयोजन स्थल पर मौजूद नागरिकों और राहगीरों ने उत्साहपूर्वक इसका स्वागत किया।इस भव्य पथ संचलन ने चौपारण क्षेत्र में उत्साह और राष्ट्रीय भावना का संचार किया और उपस्थित लोगों के मन में राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की भावना को जगाया।

### वन विभाग की कार्रवाई, 8 बोटा सखुआ लकड़ी जब्त



**साहिबगंज :** वन विभाग की टीम ने तालझारी क्षेत्र के खैरवा जंगल से गुप्त सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाते हुए 8 बोटा सखुआ लकड़ी जब्त की है।वन क्षेत्र पदाधिकारी के निदेर्शानुसार संचालित इस कार्रवाई में वन रक्षी पप्पू यादव एवं उनकी टीम सक्रिय रूप से शामिल रही।जब्त की गई लकड़ी को विभागीय अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। वन विभाग ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है और संबंधित तस्करों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए सतत प्रयास जारी है।विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन क्षेत्र में अवैध कटाई एवं तस्करी की गतिविधियों को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे प्रकरणों पर रोकथाम हेतु निरंतर सघन गश्ती एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## घटना अंजाम देने के फिराक में जुटे अवैध हथियार के साथ तीन गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**चतरा, संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देश पर टंडवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुवे अवैध हथियार के साथ रंगेहाथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि शुक्रवार को बसरिया के समीप मगध-संघमित्रा बाइपास रोड़ से गुजरने वाले सभी वाहनों में गहन तलाशी अभियान चलाया गया इसी दौरान रात्री 9 बजे मोटरसाइकिल पर सवार हजारीबाग जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभने निवासी 26 वर्षीय गौतम कुमार पिता बिनोद प्रसाद, डेमोटांड़ निवासी 35 वर्षीय पुरुषोत्तम कुमार पिता कौलेश्वर साहु एवं वर्तमान में पंचशील कॉलोनी में रहने वाला अभिषेक आनंद पिता रामचंद्र महतो को दबोचा गया। जिनके पास से एक



पिस्टल एवं एक जिंदा गोली समेत मोबाइल की बरामदगी हुई। बताया गया कि पिछले दिनों 20 सितंबर को गैंगस्टर अमन साव गिरोह के नाम पर गोलीबारी की घटना को अंजाम देने में अभिषेक आनंद शामिल था। वहीं दावा किया जा रहा है कि सभी आरोपी योजना बनाकर नई घटना को अंजाम देने के फि राक में थे, ताकि उनके द्वारा क्षेत्र में सक्रिय कारोबारियों में दहशत फैलाया जा सके। हालांकि, इस मामले में अभी तक किसी भी कारोबारी द्वारा धमकी या लेवी मांगने के आरोप नहीं लगाये गये हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजकर पूरे मामले की गहनता से जांच - पड़ताल कर रही है। छापेमारी दल में एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, थाना प्रभारी अनिल उरांव, पुअनि दिलेश्वर कुमार, पुअनि अमित कुमार, पुअनि सुनील सिंह समेत थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### मोटरसाइकिल के धक्के से एक महिला की मौत



**साहिबगंज :** रविवार को जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोती पहाड़ी निवासी सोनमुनि मड़ैया पति स्वर्गीय पलटन मड़ैया 56 वर्षीय मोटरसाइकिल के टक्कर से घायल हो गई।जिसे आनन फानन में ईलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल भिजवाया गया,पर अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही रास्ते में ही घायल ने अपना दम तोड़ दिया। ईधर सदर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा घायल को मृत घोषित करने के बाद पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया।वही मामले में मृतक के पुत्र गुहिया मड़ैया ने बताया कि मेरी माँ घर के पास बैठी हुई थी,जिसे बोआरिजोर की तरफ से आती एक मोटरसाइकिल ने धक्का मार फरार हो गया। मोटरसाइकिल के धक्के से मेरी मां घायल हो गई थी।जिसे ईलाज हेतु अस्पताल ला रहे थे।पर रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।उधर बोरियो पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### साइकिल से गिरकर युवक घायल, भर्ती

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा बंगामा निवासी मटन सिंह ( 26 ) साइकिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो ले गया। जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि युवक साइकिल से बाजार की ओर जा रहा था तभी संतुलन बिगड़ने से गिर गया और घायल हो गया युवक का दायां हाथ टूट गया है।

### टोटो पलटने से युवक घायल रेफर

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजुमन नगर निवासी मोहम्मद अकरम (21) का टोटो पलट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। ड्यूटी पर रहे डॉक्टर केशव कृष्णा ने प्राथमिक उपचार कर घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार युवक टोटो चालक है।वही सवारी ले कर पहाड़ की ऊपरी सतह से ग्वाला रेस्टोरेंट की ओर जाने के क्रम में पलट गया और चालक घायल हो गया।

## दुनिया के लिए रोल मॉडल बना भारत बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट



**साहिबगंज, संवाददाता**

**साहिबगंज :** में बाल विवाह की दर में बेतहाशा गिरावट दर्ज की गई है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि लड़कों में इस दर में 72 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए है। रिपोर्ट बताती है कि लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार (70 प्रतिशत) का स्थान है जबकि राजस्थान व कर्नाटक में क्रम से 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। झारखंड के साहिबगंज जिले में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन मंथन ने जिला प्रशासन, पंचायतों और सामुदायिक सदस्यों के साथ बेहद करीबी समन्वय से काम करते हुए पिछले तीन वर्षों में साहिबगंज जिले में सैकड़ों से भी अधिक बाल विवाह रोकवाने के लिए प्रयास किए है। इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने तैयार किया है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। यह बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहा है। इस रिपोर्ट के नतीजों से उत्साहित मंथन के सचिव बिपलब महतो ने कहा, 'बाल विवाह के खात्मे के लिए अपने जिले में हम अग्रिम मोर्चे पर है और सरकार, प्रशासन व समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे है।हमारा हर कदम उस भविष्य की ओर ले जाता है जहां हर बच्चे को पढ़ने की सुविधा मिले और वह बड़ा होकर वो बने जो वो बनना चाहता है। यह रिपोर्ट इस बात पर मुहर लगाती है कि शिक्षा, जागरूकता व कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए सबसे कारगर औजार है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है। रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2024 में शुरू हुए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में गैरसरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है।

